# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव की अधिसूचना आज जारी, 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की नवासी सीटों के लिए होगा चुनाव।**
2. **कांग्रेस ने झारखंड की तीन लोकसभा सीटों खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग पर प्रत्याशियों की घोषणा की, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत और जेपी पटेल को मिली टिकट।**
3. **केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय ने झारखंड समेत देशभर में एक अप्रैल से टोल टैक्स की दरों में अधिकतम दो दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि का लिया निर्णय।**
4. **मौसम विज्ञान केंद्र ने झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव जारी रहने के दिये संकेत, 30 और 31 मार्च को बारिश का जताया अनुमान।**
5. **आईपीएल क्रिकेट में कल सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 31 रन से किया पराजित, आज राजस्थान रॉयल्स का दिल्ली कैपिटल्स से होगा मुकाबला।**

******************

लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी हो गयी है। इस चरण में 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 89 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। दूसरे चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5–5, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ की तीन–तीन, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर की एक–एक सीट पर चुनाव होगा। उम्मीदवार 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और मतदान 26 अप्रैल को होगा।

******************

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने कल देर रात झारखंड की तीन लोकसभा सीटों **खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग** पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत और हजारीबाग से जेपी पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। इधर रांची लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। **इधर**, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के साथ उम्मीदवारों को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

******************

लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड और बंगाल बॉर्डर पर दुमका में लोरीपहाड़ी के पास बने दो चेक पोस्ट पर जांच अभियान के दौरान कल अलग–अलग लोगों से 16 लाख 54 हजार रूपये जब्त किया गया। एक व्यक्ति की कार से 11 लाख 28 हजार रूपये बरामद हुए जबकि दूसरे व्यक्ति के पास से 5 लाख 26 हजार जब्त किये गये।

******************

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने कल अंतरराज्यीय बॉर्डर मुरी–पुरुलिया, श्याम नगर और सोनाहातु में बॉर्डर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। सीमावर्ती पोस्ट पर तैनात पदाधिकारी और बल को 24 घंटे सीमा से आने जाने वाले हर वाहन की जांच का निर्देश दिया। डीआइजी ने मादक पदार्थ, शराब, कैश और चुनाव को प्रभावित करने वाली अन्य चीजों पर विशेष नजर रखते हुए चुनाव संबंधी अन्य निर्देश दिया। उधर लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बूथों का औचक निरीक्षण किया।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी **के. रवि कुमार** ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सेवाओं की उपलब्धता की निगरानी करने का निर्देश दिया है। वे कल अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह और अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग

के माध्यम से मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध करायी जाने वाली न्यूनतम सुविधाओं, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान और दिव्यांग अथवा 85 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं के सुगम मतदान की व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई मतदाता नहीं छूटे, इसे अपना मूलमंत्र मानते हुए निर्वाचन प्रबंधन में कोई कसर नहीं छोड़ें।

*****************

लोहरदगा में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज की जा रही है। मतदाताओं की सुविधा के लिए अधिकारी लगातार मंथन कर रहे हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय ने झारखंड समेत देशभर में एक अप्रैल से टोल टैक्स की दरों में अधिकतम **2.6 प्रतिशत** की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसी के आलोक में राज्यों के राजमार्गों में लगनेवाले टोल टैक्स में करीब 5 से 20 रुपये तक टोल की वृद्धि होगी। एनएचएआइ की ओर से टोल वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव को इस माह के अंत तक फाइनल कर लिया जायेगा। टोल वृद्धि झारखंड के सभी 16 टोल प्लाजा में लागू होगी।

*****************

राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 30 और 31 मार्च को रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। वहीं अन्य जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इधर आज और कल मौसम साफ रहेगा। इस दौरान तापमान में पांच डिग्री तक की वृद्धि होगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा।

*****************

आईपीएल क्रिकेट में कल सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 31 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 277 रन का विशाल स्कोर बनाकर इतिहास रचा। **278** रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस 20 ओवर में पांच विकेट पर 246 रन पर ऑलआउट हो गई।

आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

*****************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने झारखंड के खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा को पहली सुर्खी बनाया है। इसके अलावा....

**प्रभात खबर** ने झारखंड के लोगों में सीसा का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंचने की रिपोर्ट को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– झारखंड में सरकारी खजाने से निकले 3078 करोड़ रूपये का हिसाब नहीं।

**दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – बंगाल में जब्त तीन हजार करोड़ की संपत्तियां गरीबों को लौटाना चाहता है केंद्र। **हिन्दुस्तान** ने झारखंड हाईकोर्ट की एक टिपण्णी पर लिखा है– बर्खास्तगी आदेश रद्द होने पर **नो वर्क नो पे** नियम लागू नहीं। **राष्ट्रीय नवीन मेल** ने पलामू में पिछले चार दिनों में पांच लोगों की हत्या की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। वहीं अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में एक अप्रैल को होने वाली सुनवाई की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। वहीं **हिंदुस्तान टाइम्स ने** केजरीवाल को दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।

*********समाप्त*********